रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने रूम टू रीड के साथ मिलकर देशभर के स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए साझेदारी की

नई दिल्ली। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएलआईसी), रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की सहायक कंपनी, ने आज रूम टू रीड के साथ भारत के स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। रूम टू रीड एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन है, जो स्कूलों में लाइब्रेरी मुहैया कराकर शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक समानता और साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।आरएलआईसी और रूम टू रीड का लक्ष्य इस साझेदारी के जरिए देशभर में 100 से ज्यादा सरकारी प्राथमिक स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित करना और 10,000 से ज्यादा बच्चों तक पहुंचना है। आरएलआईसी ने बाल दिवस के मौके पर मुंबई में इस साझेदारी के तहत पहली लाइब्रेरी का शुभारंभ भी कर दिया। लाइब्रेरी का उद्घाटन रिलायंस लाइफइंश्योरेंस के सीईओ श्री अनुप राउ और रूम टू रीड इंडिया के कंट्री डायरेक्टर श्री उन्मेश ब्राह्मे ने किया।लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए श्री राउ ने कहा, 'हम रूम टू रीड के साथ साझेदारी की शुरुआत कर काफी खुश हैं। इससे बच्चों को किताबों और ज्ञान से सशक्त करेंगे। शिक्षा भी इंश्योरेंस की तरह ही लंबी अवधि में परिवार के भविष्य की रक्षा करता है। लाइब्रेरी बच्चों को ज्ञान का माहौल, सीखने की आदत और युवा मतिष्क में उत्सुकता लाएगी।